प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001

Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

8 फरवरी 2021

रिज़र्व बैंक ने भारत सरकार की प्रतिभूतियों की खुला बाजार परिचालन (ओएमओ) खरीद की घोषणा की

अनुकूल वित्तीय स्थितियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रणाली में पर्याप्त चलनिधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए रिज़र्व बैंक प्रतिबद्ध है। इसलिए, वर्तमान चलनिधि और वित्तीय स्थितियों की समीक्षा करने के बाद, रिज़र्व बैंक ने **10 फरवरी 2021** को खुला बाजार परिचालन (ओएमओ) के तहत **₹20,000 करोड़** की सकल राशि के लिए सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद आयोजित करने का निर्णय लिया है।

2. तदनुसार, रिज़र्व बैंक एकाधिक मूल्य पद्धति का उपयोग करके एकाधिक-प्रतिभूति नीलामी के माध्यम से निम्नलिखित सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा:

क्रम सं	आईएसआईएन	प्रतिभूति	परिपक्वता की तारीख	सकल राशि
1	IN0020190396	6.18% जीएस 2024	04-नवंबर-2024	₹ 20,000 करोड़ (प्रतिभूतिवार कोई राशि अधिसूचित नहीं की गई है)
2	IN0020170174	7.17% जीएस 2028	08-जनवरी-2028	
3	IN0020200153	5.77% जीएस 2030	03-अगस्त-2030	
4	IN0020200096	6.19% जीएस 2034	16-सितंबर-2034	

3. रिज़र्व बैंक के पास निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित हैं:

- प्रत्येक प्रतिभूतियों की खरीद / बिक्री की मात्रा का निर्धारण करना।
- सकल राशि से कम राशि की बोलियां/ प्रस्ताव स्वीकार करना।
- पूर्णांकन प्रभाव के कारण सकल राशि की तुलना में कुछ अधिक/कम की खरीद / बिक्री करना।
- कारण दिए बिना संपूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी या सभी बोलियाँ / प्रस्तावों का स्वीकार या अस्वीकार करना।

4. पात्र प्रतिभागियों को **10 फरवरी 2021 को सुबह 10:00 और सुबह 11:00 बजे** के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अपनी बोलियों/ प्रस्तावों को प्रस्तुत करना चाहिए। केवल सिस्टम विफलता की स्थिति में, भौतिक बोलियाँ/प्रस्ताव स्वीकार किए जाएंगे। इस तरह की भौतिक बोली/प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में, जिसे रिज़र्व बैंक की वेबसाइट (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewForms.aspx) से प्राप्त किया जा सकता है, **सुबह 11.00**

बजे से पहले वित्तीय बाजार परिचालन विभाग (ईमेल; फोन नंबर: 022-22630982) को प्रस्तुत किये जाने चाहिए।

5. नीलामी का परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल प्रतिभागियों को **11 फरवरी 2021** को **दोपहर 12 बजे** तक अपने एसजीएल खाते में प्रतिभूतियों की उपलब्धता सुनिश्चित कर लेनी चाहिए।

6. रिज़र्व बैंक, उन्नत चलनिधि और बाजार की स्थितियों की निगरानी करना और खुले बाजार का आयोजन करना और वित्तीय बाजारों के क्रमबद्ध कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए अन्य उपयुक्त उपाय करना जारी रखेगा।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2020-2021/1065